**लापरवाही** ▶ मेन मार्केट में गंदगी का अंबार

# स्वच्छता पखवाड़े की उड़ रही धज्जियां

**मझौली नवभारत।** एक ओर देशभर में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के लिए जोर-शोर से अभियान चलाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर नगर परिषद मझौली में पदस्थ अधिकारी और कर्मचारी इस अभियान की खुली अवहेलना कर रहे हैं।मझौली के मेन मार्केट क्षेत्र में गंदगी और कचरे का ढेर आमजनों के लिए परेशानी का सबब बन चुका है। न तो बाजार क्षेत्र में झाड़ू लगाई जा रही है, न ही पंडालों के आसपास फैले कचरे को हटाने की कोई पहल की जा रही है। यह स्थिति न केवल स्वच्छता अभियान की मूल भावना को ठेस पहुंचा रही है, बल्कि स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली पर



भी गंभीर सवाल खड़े कर रही है।स्थानीय नागरिकों की ओर से जब समस्या असहनीय हो गई, तो माता महाकाली पोला रोड समिति के सदस्य वेद प्रकाश तिवारी राजकुमार साहू हर्ष राज सराफ एवं समिति के अन्य सदस्य नगर परिषद मझौली कार्यालय पहुंचे। वहां मौजूद मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) नीतू सिंह ने जवाब देने में टालमटोल की नीति अपनाई, जिससे नागरिकों में और अधिक आक्रोश फैल गया।

समिति के सदस्यों ने आरोप लगाया कि सीएमओ नीतू सिंह को इस गंभीर समस्या की कोई जानकारी ही नहीं है। ऐसे में स्वाभाविक है कि सफाई व्यवस्था की हालत बद से बदतर होती जा रही है। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो वे जनआंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होंगे।



## शिविर में साढे तीन सौ पशुओं का हुआ उपचार

▶ **गाँव मे फैली बीमारी पर काबू पाने की कवायद**

**सिहोरा नवभारत।** सिहोरा तहसील के तहत ग्राम धरमपुरा मे पशु उपचार शिविर में पशुपालकों को शिविर स्थल से तीन सौ पशुओं का उपचार कर दवा वितरण एवं पशु चिकित्सकों की चार टीम द्वारा घर घर घर संपर्क करते हुए छियालिसपशुओं का उपचार पशु पालकों के घर पर ही किया गया गौरतलब है की मंगलवार कोजनसेवा समिति के अध्यक्ष हेमचंद असाटी ने धरमपुरा गांव मे बायदो रोग फैलने सबंधी शिकायत सांसद आशीष दुबे एंव जिला कलेक्टर से की थी जिला कलेक्टर के निर्देशन में उपसंचालक पशुपालन जबलपुर द्वारा टीम बनाकर धरमपुरा गांव मे शिविर लगाया गया और बीमारी पर नियंत्रण पाने सतत् मानीटिरिंग करने के आदेश जारी हुये शिविर में खंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.संजय शर्मा,डॉ.शुभ्रा व्यौहार, डॉ.नीलम एडपाचे, एस.एस एच कादरी,ए एम अंसारी, आशीष ठाकुर,मीना मार्को,पंकज पटेल, शशांक दुबे, अभिनव कुम्हरे, सुरेश दुबे, राजभान राजपूत, रतन पटेल, सुखचैन रजक, राजकुमार राय उपस्थित रहे।

## रात होते ही गुलजार हो रहे जुआ फड़

**पनागर, नवभारत।** जुआ फड़,अवैध शराब समेत अन्य असमाजिक गतिविधियों को फैलाने अब अपराधियों ने ग्रामीण क्षेत्रों का रूख इख्तियार कर लिया है। खुले मैदान,खेत या फिर पहाड़ों में यह सब अवैध काम अब तेजी से पुलिसिया संरक्षण में फल फूल रहे हैं।ऐंसे अवैध कृत्यों को आगे बढाने में नामी अपराधी समेत जिला बदर के आरोपियों का विशेष योगदान है। कई तो हत्या जैसी जघन्य वारदात में फरार आरोपी भी इन क्षेत्रों में जुआ फड़ आबाद कर स्वयं तो अवैध कमाई कर रहे हैं ।

जानकारी के अनुसार पनागर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिछले डेढ माह से शहर के एक नामी अपराधी का जुआ फड़ तेजी में आबाद है।जो कि स्थानीय पुलिस के आदेश पर दो से तीन दिनों में स्थानांतरित होता रहता है। कभी खेतों में, तो फिर खुले मैदान समेत पहाड़ी इलाकों में रात 8 बजते गुलजार हो जाता है। रात होते ही यहां बड़ी संख्या में दो पहिया,चार पहिया वाहनों की भरमार हो जाती है।शहर समेत दूसरे जिलों से भी रोजाना यहां खिलाड़ी आते हैं। उन्हे लाने और पहुंचाने के लिए भी अनेक आपराधिक तत्व लगे हुए हैं।जिन्हे जुआ खेलने वालों को लाने और वापस उन्हे पहुंचाने के लिए एक मोटा कमीशन, शराब, खाना समेत वाहनों का किराया भी दिया जाता है।

स्थानीय जनों ने लिखित और मौखिक शिकायतें भी कीं,लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जानकारी के मुताबिक जब जुआ फड़ गुलजार होता है तो उस रास्ते में आने जाने वाले बुजुर्गों, महिलाओं समेत मासूमों को भी आने जाने से रोजाना रोक दिया जाता है। विरोध करने पर डरा धमका कर पिटाई भी की जाती है। ऐसा रोजाना होने से अब बुजुर्गों समेत मासूमों में भी भय का माहौल बन गया है।आरोप है कि ऐसा होने से अब बच्चे स्कूल जाने समेत बाहर निकलने से भी कतरा रहे हैं।

## जनशक्ति संकुल स्तरीय संगठन की साधारण वार्षिक आमसभा

**पनागर नवभारत।** जनशक्ति संकुल स्तरीय संगठन की साधारण वार्षिक आम सभा का आयोजन जनपद पंचायत पनागर में किया गया श्रीमती माया इंदु तिवारी उपस्थित थी । कार्यक्रम की शुरुआत में श्रीमती माया इंदु तिवारी द्वारा दीप प्राजलन कर सरस्वती जी एवं माता रानी का पूजन किया गया ,पूजन के पश्चात दीदीयो द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया । जनशक्ति सी एल एफ की पूर्व अध्यक्ष सोनू कुशवाहा द्वारा जनशक्ति संकुल स्तरीय संगठन अंतर्गत आने वाले ग्रामों लक्षित परिवार एवं आय व्यय का विवरण आम सभा में प्रस्तुत किया गया, आराधना बर्मन द्वारा वैधानिक अंकेक्षण की जानकारी का वाचन किया गया जनशक्ति सीएलएफ नोडल द्वारा जनशक्ति के वर्ष भर में किए गए कार्यों की विस्तृत रूप से जानकारी सभा को एवं अतिथियों को दी गई इसके बाद श्रीमती माया इंदु




तिवारी के उद्बोधन में नारी तू नारायणी का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि आज महिलाएं घर से निकलकर समाज में आजीविका के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही हैं । इसके बाद महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी आयुषी उपाध्याय ने ही महिलाओं के उत्साह वर्धन में महिला सशक्तिकरण जो जनपद में दिख रहा है इसके लिए आजीविका का मिशन जनशक्ति संकुल की संगठन की नई कार्यकारिणी ने भी इस कार्यक्रम में सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में आजीविका मिशन से श्रीमती रिशा पांडे आशुतोष तिवारी अर्चना श्रीवास्तव अभिषेक राज अनुराज सुहासिनी ज्योति सविता दुबे आराधना दुबे आरती पार्वती सोनू कुशवाह बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी

## 30 तक हो जाए शत-प्रतिशत खाद्यान्न उठाव एवं वितरण

▶ **अवकाश के दिनों में भी गोदाम खुला रखने के निर्देश**

**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों को सितंबर माह के शत-प्रतिशत खाद्यान्न का उठाव सुनिश्चित कर 30 तारीख तक सभी पात्र हितग्राहियों को वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने इस संबंध में आदेश जारी कर नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक, उपायुक्त सहकारिता, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला प्रबंधक वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन तथा जिले में पदस्थ सभी सहायक एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को शनिवार और रविवार सहित अवकाश के अन्य दिनों में भी प्रदाय केंद्रों के गोदामों को खुला रखने के निर्देश दिये हैं। श्री सिंह ने अधिकारियों को अवकाश के दिनों में भी खाद्यान्न का उठाव एवं परिवहन कर उचित मूल्य दुकानों पर भंडारण सुनिश्चित करने की हिदायत दी है। उन्होंने परिवहनकर्ताओं को भी स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि उन्हें शनिवार, रविवार सहित सितंबर माह के शेष सभी दिनों में प्रदाय केंद्रों से खाद्यान्न का उठाव कर उचित मूल्य दुकानों तक परिवहन और भंडारण करना होगा।






## आज से होंगे चैतन्य देवियों की झाँकी के दिव्य दर्शन

नवभारत, जबलपुर। प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शिव स्मृति भवन नेपियर टाउन जबलपुर भवरताल गार्डन मुख्य द्वार के सामने प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी चैतन्य देवियों के दिव्य दर्शन की अनुपम झांकी का शुभारम्भ होने जा रही है, जो 27 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक सायं 7 से 11 बजे तक रहेगी। इसके अलावा अन्य सेवकेन्द्रो जैसे बंगाली कॉलोनी रांझी, रामकृष्ण आश्रम के सामने घमापुर, सोनी कालोनी शास्त्री



नगर, रामेस्वरम कालोनी विजय नगर, मदर डेरी चौक शक्ति नगर, महाकौशल नगर आधारताल, महेन्द्र टावर सोहागी, एवं लाल

## एसएएफ में तीन दिवसीय हार्टफ़ुलनेस मेडिटेशन शिविर का समापन

**जबलपुर।** सेनानी 6 वीं प्रशिक्षण वाहिनी विसबल जबलपुर सिद्धार्थ चौधरी. के निर्देशन में शुक्रवार को वाहिनी की प्रशिक्षण शाला के प्रशिक्षणार्थियों एवं प्रशिक्षकों को हार्टफुलनेस ध्यान का तृतीय सत्र प्रार्थना से अवगत कराया गया। तीन दिवसीय हार्ट.फ़ुलनेस मेडिटेशन के इस कार्यक्रम में प्रथम व द्वितीय दिवस क्रमशः बॉडी रिलेक्स और शरीर की आंतरिक सफाई के विषय में बताया गया था। तृतीय दिवस हार्ट.फ़ुलनेस मेडिटेशन प्रार्थना के साथ ध्यान सत्र का समापन हुआ। वाहिनी के आरक्षक एवं प्रामाणिक प्रशिक्षक सुरेंद्र विश्वकर्मा के द्वारा



तीनों ही दिवसों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए ध्यान कराया गया। ध्यान उपरांत सहायक सेनानी महेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा अपना अनुभव साझा कर बताया की हार्ट.फ़ुलनेस ध्यान से शरीर हल्का, मन शांत और सकारात्मक विचार का संचार होने जैसा अनुभव हुआ। वर्षा के चलते वाहिनी के सामुदायिक भवन में कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमे निरीक्षक विजय मेहरा, विक्रम सिंह, स्वरूप सिंह, पीटीएस के प्रशिक्षक दल एवं प्रशिक्षणार्थी सहित कुल 310 लोग उपस्थित रहे।






## फिल्म का नाम 120 बहादुर वीर अहीर रखा जाए

▶ **यादव सभा जबलपुर एवं संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

**नवभारत,जबलपुर।** यादव सभा जबलपुर एवं संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने फरान अख्तर फिल्म निर्माणकर्ता 120 बहादुर फिल्म की जगह 120 बहादुर वीर अहीर रखा जाने और जनसंख्या जनगणना कॉलम में जाति का कॉलम जोड़े जाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि वर्ष 1962 भारत देश चीन युद्ध के दौरान 1800 फुट की उंचाई पर रेजंगला चौकी पर



पदस्थ खुमाईयू रेजीमेन्ट के 120 जवानों ने चीन देश से युद्ध किया, उसमे एक 114 अहीर जाति के जवानों ने चीन देश को कब्जा करने नहीं दिया और शहीद हो गये उनके नाम पर रेजंगला स्मारक जो कि अहीरों के नाम पर जाना जाता है उसे और भव्य बनाया जाये। फरान अख्तर फिल्म निर्माणकर्ता 120 बहादुर फिल्म जो बना रहे है, उसमें अहीरों का उल्लेख कम करके आका गया है और फिल्म का नाम 120 बहादुर फिल्म की जगह 120 बहादुर वीर अहीर रखा जाए। इस मौके पर यादव सभा जबलपुर एवं संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा के घनश्याम यादव, रामरतन यादव, धमेन्द्र कुशवाहा, अशोक यादव, जितेन्द्र यादव, डॉ. बालमुकुंद यादव, देवेन्द्र यादव मुन्ना यादव चाचा एड. ओ.पी यादव, शैलेश लोधी, एड. शारदा यादव, एड. गया प्रसाद कुशवाहा, राजेन्द्र पिल्ले, इन्द्रकुमार कुलस्ते, विजय यादव फौजी, सुरेन्द्रयादव फौजी शिवयादव फौजी, कैलाश यादव, रज्जन यादव, नीलचंद यादव, देवेन्द्र साहू, प्रदीप पटेल, गोपाल पाली, इत्यादि उपस्थित रहे।

## विसर्जन स्थलों पर होमगार्ड और एसडीईआरएफ की टीम तैनात

**नवभारत,जबलपुर।** दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान सतर्कता के बतौर होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ की अलग-अलग टीमों का गठन कर विसर्जन स्थलों पर तैनात किया गया है। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट नीरज सिंह द्वारा इस संबंध में जारी आदेश के मुताबिक कुल 11 टीमें गठित की गई है और किसी भी तरह के हादसे की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य संचालित करने के लिए इन्हें बचाव के सभी आवश्यक उपकरणों से लेस किया गया है। होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ की प्रत्येक टीम के लिए एक-एक प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति भी की गई है।


**रजिस्ट्री गुमी**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं एस.बी.आई विजय नगर से घड़ी चौक जैन मंदिर कचनार अपने घर जा रहा था मेरी पोलीथीन बैग में रजिस्ट्री, नक्शा एव अन्य कागजात थे, जो मेरी पत्नी विनीता सिंह के नाम के थे, जो दिनांक 23/09/2025 को सैनिक सोसायटी प्लाट नं. 108 बदनपुर के थे। जिस सज्जन को मिलें वह नीचे लिखे पते पर या नवभारत प्रेस आनंद टाकीज के सामने पहुंचाने का कष्ट करें।

**पता धर्मेन्द्र प्रताप सिंह**
**साई हास्पिटल के पास**
**विजय नगर, जबलपुर**
**9340047422, 942515694**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

**-द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना-**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | PRO- 537<br>2025_UAD_454340_1<br>Date-26/09/2025 | पं. भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड में महाकौशल स्कूल के पीछे टायर वाली गली में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य। | 03 माह<br>₹.28.56 लाख | ₹.5000/-<br>₹.21420/- | 10/10/2025 |
| 2. | PRO- 537<br>2025_UAD_454340_2<br>Date-26/09/2025 | पं. भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड में स्थित निगम के स्टाफ क्वाटर्स परिसर में पेवर ब्लाक लगाने का कार्य। | 02 माह<br>₹.11.90 लाख | ₹.2000/-<br>₹.8925/- | 10/10/2025 |
| 3. | PRO- 537<br>2025_UAD_454340_3<br>Date-26/09/2025 | पं. भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड में नया मोहल्ला स्थित रसीद गंज मस्जिद से लेकर गुप्ता किराना तक C.C. रोड निर्माण कार्य। | 02 माह<br>₹.11.27 लाख | ₹.2000/-<br>₹.8452/- | 10/10/2025 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर**


## अनुमानित मांग से ज्यादा यूरिया उपलब्ध

**जबलपुर।** जिले में इस वर्ष एक अप्रैल से 25 सितंबर तक किसानों को 53 हजार मीट्रिक टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है। जबकि सितम्बर माह की यूरिया की 4 हजार 060 मीट्रिक टन की अनुमानित माँग के विरुद्ध 5 हजार 212 मीट्रिक टन यूरिया अभी भी जिले में उपलब्ध है।

## मुकेश पटेल का निधन

**जबलपुर।** ग्राम कुसमी शहपुरा निवासी झुराई परिवार के मुकेश पटेल का आकस्मिक निधन शुक्रवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में सम्पन्न हुआ। आप गोपाल प्रसाद पटेल के भाई एवं सिद्धार्थ पटेल के पिता थे।



## कच्ची पर्ची हो बंद, बोली में आए पारदर्शिता

▶ **किसानों की समस्याओं के निराकरण एवं सुझाव के लेकर बैठक**

**नवभारत, जबलपुर।** किसान संगठन प्रतिनिधि के साथ मण्डी समिति एवं व्यापारी संगठन के प्रतिनिधियों के साथ मंडी सचिव आर के सैयाम की अध्यक्षता में आगामी माह में विक्रय के लिए मण्डी में आने वाली कृषि उपज मक्का, धान एवं मटर के विक्रय में आने वाली समस्याओं के निराकरण एवं सुझाव के लिए बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में भारतीय किसान संगठन एवं अन्य संगठनों ने अपने विचार रखे जिसमें भारतीय किसान संगठन के सुझाव की पारदर्शिता को देखते हुए



सर्वसम्मति से 17 बिंदुओं पर सहमति से बात रखी गई। जिसमें मुख्य रूप से पूछताछ काउंटर बनाने, समर्थन मूल्य की बोली में पारदर्शिता करने, धर्म कांटा के रेट निर्धारित करने, कच्ची पर्ची बंद करने, मटर की नीलामी 3 बजे प्रारंभ करने, अवैध रूप से बने वाहन स्टैंड और साफ- सफाई की निरंतर व्यवस्था करने को लेकर सुझाव दिए, जिन पर चर्चा हुई। बैठक में भारतीय किसान संगठन जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर संतोष पटेल, बेलखाडू ब्लॉक अध्यक्ष राजित पटेल, पाटन तहसील अध्यक्ष नवीन पटेल उपस्थित थे।

### आमंत्रण में ना हो किसी संगठन का नाम

बैठक के दौरान भारतीय किसान संगठन के जिला उपाध्यक्ष डॉ. संतोष पटेल ने मंडी सचिव आर.के.सैयाम आग्रह किया जब भी किसान संगठन की बैठक हो तो किसी भी संगठन के नाम से आमंत्रण ना करें, जिले के सभी संगठन को सूचित करें। जिसके लिए सचिव ने आगे से किसानों के आग्रह अनुसार प्रकिया से आमंत्रण देने की बात कही।


**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** भारत सरकार का उपक्रम | **Union Bank of India** A Government of India Undertaking

क्षेत्रीय कार्यालय, रसल चौक, नेपियर टाउन, जबलपुर-482001,
E-mail: crld.rojabalpur@unionbankofindia.bank

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु नीलामी सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।**

आम लोगों को तथा विषेश रूप से उधार लेने वाले और प्रतिभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता हैं की नीचे वर्णित अचल संपत्तियों जिसका सांकेतिक / भौतिक कब्जा प्रतिभूति लेनदार यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की संबंधित शाखा के पास प्रभारित है उक्त संपत्तियों को "जहां है जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर दिनांक **15.10.2025, दोपहर 11:00 बजे से शाम 05:00** बजे के मध्य प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित संबंधित ऋणियों एवं प्रतिभूति दाताओं से निम्नलिखित बाकाया धन राशि की वसूली हेतु बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि तथा अन्य विस्तृतकीजानकारीनिम्नानुसारहै।

| ऋणी/जमानतदार एवं शाखा का नाम | संपत्ति का विवरण | बकाया राशि (रू.) | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि | सम्पर्क व्यक्ति का नाम एवं मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|
| श्री राजकुमार मौर्य, पिता बलराम मौर्य पताः नामदेव गली, जल्प देवी वार्ड,मुरवारा, कटनी, मध्य प्रदेश - 483501 पताः प्लॉट नंबर 02, महाराणा प्रताप वार्ड, झिंझरी, जिला - कटनी, मध्य प्रदेश - 483501 | मौजा - महाराणा प्रताप वार्ड, झिंझरी में पीसी नंबर 29/46, एन.बी. नंबर 223, आरएनएम - पहाड़ी में स्थित प्लॉट नंबर 02 वाली अचल संपत्ति का वह हिस्सा, जो खसरा नंबर 1303/1, 1303/8, 1304/2 का हिस्सा है और राजस्व रिकॉर्ड में नामान्तरण के बाद खसरा नंबर 1303/11आवंटित किया गया है। कुल क्षेत्रफल1000वर्गफुट। संपत्ति का विवरण बिक्री-हस्ताक्षर पत्र संख्या MP208052019A1037566 दिनांक16.01.2019 में दिया गया हैं चर्तुसीमाः- उत्तर में: प्लॉट नंबर 03, दक्षिण में: प्लॉट नंबर1, पूर्व में: कॉलोनी की सड़क, पश्चिम में: प्लॉट नंबर 13। | रू. 9,60,554.95/- + ब्याज + विविध व्यय एवं अन्य खर्चे | रू.9,20,000/- / रू. 92,000/- | श्री अमित कुमार 9999262491 |
| मेसर्स मनीष पॉल्ट्री ट्रेडर्स स्व. श्री राजेश पाण्डेय की संपत्ति, प्रोः श्रीमती मनीषा पाण्डेय श्री राजेश पाण्डेय की पत्नी और अन्य, पताः 1311, फ्लैट नंबर 606, टावर 4, आस्था नगर, बनारसी दास भनोट वार्ड, नर्मदा रोड, ग्वारीघाट, जबलपुर। | मौजा कालगोड़ा, प्लॉट नंबर 90, पीसी नंबर 52 (नया 77), आरआई सर्कल खमरिया में स्थित भूमि और भवन की यह संपत्ति। खसरा नंबर P II 182 (म्यूटेशन के बाद P II 182/2), डायवर्जन खसरा नंबर 182/2, क्षेत्रफल 0.14 हेक्टेयर। चर्तुसीमाः- उत्तर में: श्री राम गोपाल की संपत्ति, दक्षिण में: सड़क, पूर्व में: देवकरण झारिया की संपत्ति, पश्चिम में: कामता प्रसाद की संपत्ति। | रू. 15,77,915.00 + ब्याज + विविध व्यय एवं अन्य खर्चे | रू. 17,22,000/- / रू. 1,72,200/- | श्री प्रशांत शुक्ला 7987007959 |

विक्रय से संबंधित और शर्तों के ब्यौरे के लिए वेबसाईट https://baanknet.com and https://www.unionbankofindia.co.in/auction-property/view-auction-property.aspx

स्थानः जबलपुर
दिनांकः 26.09.2025

प्राधिकृत अधिकारी
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया